
**दहशत** | कटंगी के पोनिया गांव में दहशत, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

# तेंदुआ को देख जान बचाकर भागे किसान



**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी के आगे स्थित पोनिया गांव में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे तेंदुआ ग्रामीणों को नजर आया जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जानकारी के अनुसार पोनिया गांव में तेंदुआ रहवासी इलाकों में घूम रहा था जिसे देखकर लोग इधर उधर भागते नजर आए और कई तो अपने-अपने घरों में दुबक गए। कयास लगाए जा रहे हैं कि तेंदुआ जंगल की ओर से शिकार की तलाश में पोनिया गांव की सीमा में प्रवेश कर गया जिसने स्थानीय ग्रामीणों व किसानों की मुसीबतें बढ़ा दीं। तेंदुआ दिखते ही ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएफओ ऋषि मिश्रा ने शहपुरा रेंजर सरिता सिंह के साथ वन विभाग की एक टीम मौके पर रवाना की। इस संबंध में शहपुरा रेंजर सरिता सिंह ने नवभारत को बताया कि कटंगी के आगे पोनिया गांव में तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली है जिसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

### इन इलाकों में लग चुके हैं पिंजरे

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने पाटन में एक, ओएफके में एक, सिहोरा रेंज में एक पिंजरा तेंदुआ को पकड़ने लगाया है। लेकिन अभी तक इनमें से कहीं भी पिंजरे में तेंदुआ नहीं फंसा है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में दिनों दिन दहशत व्याप्त होती जा रही है। सूत्रों की माने तो वन विभाग के पास पिंजरे सीमित संख्या में हैं जिनमें से अधिकांश अब लगाए जा चुके हैं। ऐसे में अब नए स्थान पर पिंजरा लगाना संभव नहीं हो पा रहा है।

### जीसीएफ में नहीं थम रही दहशत

गौरतलब है कि विगत 19 दिसंबर को जीसीएफ, डिफेंस के ऑडिट ऑफिस के पास तेंदुआ नजर आया था जो कि वहां लगे सीसी कैमरे में भी कैद हो चुका था। उधर जीसीएफ की न्यू कॉलोनी के पास भी तेंदुए का मूवमेंट पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है जिसको लेकर स्थानीय लोग काफी दहशत में समय काट रहे हैं। आलम ये है कि शाम ढलते ही लोग अपने-अपने घरों में कैद होने मजबूर हैं। उधर वन विभाग द्वारा लगातार इन इलाकों में मुनादी कराई जा रही है जिससे लोगों में सतर्कता बनी रहे।

## जबलपुर होकर गुजरेगी रीवा-मुंबई स्पेशल

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए रीवा और मुंबई (सीएसएमटी) के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी होकर गुजरेंगी, जिससे इन क्षेत्रो के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे प्रशासन के मुताबिक रीवा से सीएसएमटी के लिए स्पेशल ट्रेन गुरुवार, 1 जनवरी और 8 जनवरी 2026 को रवाना होगी। वापसी में, सीएसएमटी से रीवा के लिए यह ट्रेन शुक्रवार, 2 जनवरी और 9 जनवरी 2026 को चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन रीवा से दोपहर 3:50 बजे प्रस्थान करेगी। यह रात 11:20 बजे इटारसी पहुंचेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दोपहर 1:30 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन रात 1:15 बजे इटारसी पहुंचेगी और सुबह 9:45 बजे रीवा पहुंचेगी।

## रिश्वत लेने के आरोपी जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर, इंस्पेक्टर गये जेल

### फरार कार्यालय अधीक्षक की तलाश में जुटी सीबीआई

**जबलपुर।** सीबीआई ने चार लाख रूपये की रिश्वत लेने के आरोप में केंद्रीय जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर तथा इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने पूछताछ के लिए उन्हें तीन दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को सीबीआई की विशेष न्यायालय में पेश किया। विषेष न्यायाधिश रूपेश कुमार गुप्ता ने दोनों आरोपियों को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि विगत 17 दिसम्बर को ग्वारीघाट स्थित जीएसटी कार्यालय में दबिश देकर सीबीआई ने असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा तथा इस्पेक्टर सचिन खरे को होटल कारोबरी से चार लाख रूपये की रिष्वत लेते हुए गिरफतर किया था। केंद्रीय जीएसटी ने होटल कारोबारी के ओये ट्रांजेक्शन पर आपत्ति करते हुए 1 करोड़ रूपये की रिकवरी का नोटिस जारी किया था। आपत्ति के निराकरण के लिए असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा, कार्यालय अधीक्षक मुकेश बर्मन तथा इंस्पेक्टर सचिन खरे ने रिश्वत के रूप में दस लाख रूपये की मांग की थी। होटल कारोबारी ने इस संबंध में सीबीआई से शिकायत की थी। सीबीआई की दबिश के पूर्व जीएसटी कार्यालय अधीक्षक मुकेश वर्मन फरार हो गया था। सीबीआई ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

सीबीआई ने रिमांड अवधि के दौरान दोनों अधिकारियों के पास से आवश्यक दस्तावेज बरामद करते हुए उनके खातों को सीज किया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया गया। विशेष न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। सीबीआई फरार कार्यालय अधीक्षक की तलाश में जुटी हुई है।

# हत्या के विरोध में गुस्साएं परिजनों ने शव रख किया चकाजाम

### कातिल की गिरफ्तारी करने सात टीमें गठित, नागपुर कटनी में भी छापेमारी



**जबलपुर।** दीनदयाल चौक में रविवार शाम सरेराह ई रिक्शा चालक की हुई हत्या के बाद सोमवार को जब उसका शव घर पहुंचा तो आक्रोश भड़क गया। वारदात से आक्रोशित परिजनों ने चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया रोते बिलखते परिजनों ने कातिल की शीघ्र गिरफ्तारी , मुआवजे की मांग की। आक्रोशजिनों ने दोनों तरफ से बैरीकेट्स लगाकर रास्ता बंद कर दिया था करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के द ौरान जाम की स्थिति भी निर्मित हुई। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगा। जिसके बाद गुस्साएं परिजन माने और प्रदर्शन समाप्त हुआ। जिसके बाद शव यात्रा अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सात टीमें गठित कर दीगई है। जिनमें से दो टीमों ने नागपुर और कटनी में भी छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पवन अहिरवार निवासी गली नम्बर 1 शारदा मंदिर के बाजू से राजीवनगर का लगभग 4-5 माह पहले अपना ईरिक्शा निकालकर ले जा रहा था उस समय रोहित पाल (बर्मन) के घर के गेट से पवन का ई रिक्शा टकरा गया था उसी बात को लेकर रोहित पाल बर्मन और रोहित पाल की मां शकुन बाई से झगड़ा हुआ था। शकुन बाई ने पवन अहिरवार को मुंगरिया एवं रोहित पाल बर्मन ने लठ्ठ से पवन के साथ मारपीट की थी उस समय पवन अहिरवार ने रिपोर्ट नहीं की थी, उल्टा शकुन बाई ने पवन की रिपोर्ट की थी, दूसरे दिन भी कुछ कहासुनी हुयी हो गई थी, उस समय रोहित पाल ने पवन अहिरवार एवं पंकज अहिरवार दोनों भाईयों में से किसी एक की हत्या करने की धमकी दिया था। रविार शाम साढ़े पांच बजे रोहित पाल बर्मन ने पवन अहिरवार 37 वर्ष को दीनदयाल में बीच चौराहे में रोक लिया था औरधारदार हथियार से उसका गला रेत दिया था। पुलिस आरोपी रोहित पाल बर्मन के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

### नेता प्रतिपक्ष ने उठाये पुलिस पर सवाल

आक्रोशित परिजनों के चक्काजाम की सूचना पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा भी पहुंचे थे जिन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं उनका कहना है की वारदात जहां हुई वहां से चंद कदम की दूरी पर पुलिस की चौकी थी उसके बाद भी आरोपी पुलिस को चुनौती देते हुए हत्या कर फरारहो गया।

### ये टीमें हुई है गठित

माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सात टीमें गठित हुई है जिनमें से तीन टीमें माढोताल,एक विजय नगर थाने से और तीन क्राइम ब्रांच की टीमें शामिल है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## रात का पारा भी लुढ़का, सुबह कोहरे की आगोश में शहर, शीतलहर

**जबलपुर।** शहर कोहरा और शीतलहर की चपेट में है। सोमवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। शहर कोहरा की आगोश में होने के साथ शीतलहर भी चली। जिसके चलते लोगों की कंपकंपी छूटी। देरी से सूर्यदेव ने दर्शन दिए। दिनभर गुपगुनी धूप लोगों को भांति रही। हालांकि ठंडी का असर ऐसा रहा कि लोग सुबह से गरम कपड़े लादकर निकले। रात के पारेमें भी अब गिरावट देखी जाने लगी है। मौसम विभाग की माने तो सोमवार को अधिकतम तापमान लुढ़कर 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 95 और शाम को 70 प्रशित दर्ज की गई। उत्तरी हवाएं दो से तीन किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो आज कहीं कहीं कोहरा रहने की संभावना है।










स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57